हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 जून 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा


तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री


4

महाजेनको और अदाणी फाउंडेशन के सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ




# जशपुर की बेटी तमन्ना के सिर सजा मिस टीन इंडिया यूनिवर्स 2026 का ताज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ अब थाईलैंड में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व



जिले की बेटी तमन्ना परवीन ने राष्ट्रीय स्तर की ब्यूटी पेजेंट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'मिस टीन इंडिया यूनिवर्स 2026' का फर्स्ट विनर खिताब अपने नाम कर छत्तीसगढ़ और जिले का गौरव बढ़ाया है। गोवा में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

दो दिनों तक चली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, प्रतिभा, व्यक्तित्व और मंच पर प्रस्तुति का अलग-अलग राउंड के माध्यम से मूल्यांकन किया गया। विजेता घोषित होने के बाद तमन्ना परवीन को ताज पहनाकर ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु सहित कई राज्यों की प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहले दिन ग्रूमिंग और ओरिएंटेशन सेशन के बाद वेस्टर्न राउंड, रैंप वॉक, टैलेंट प्रेजेंटेशन, डांस परफॉर्मेंस, बॉलीवुड थीम अपीयरेंस और सवाल-जवाब राउंड आयोजित किए गए। टैलेंट राउंड में प्रतिभागियों ने हॉलीवुड थीम पर रोल-प्ले एक्ट प्रस्तुत किए।

वहीं इंटरव्यू राउंड में उनके कॉन्फिडेंस, कम्युनिकेशन स्किल्स और स्टेज प्रेजेंस को परखा गया। दूसरे दिन फोटोशूट और अन्य गतिविधियों के बाद निर्णायकों ने प्रदर्शन के आधार पर विजेता का चयन किया। तमन्ना परवीन ने सभी राउंड में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 'मिस टीन इंडिया यूनिवर्स 2026' का खिताब हासिल किया।

### दो साल में जीते दो बड़े खिताब

तमन्ना ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों से यह मुकाम हासिल किया है। इससे पहले उन्होंने रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ मिस दिवा 2025 का अवॉर्ड जीता था। इसके बाद वर्ष 2026 में आयोजित 'मिस टीन छत्तीसगढ़' प्रतियोगिता में भी वह टॉप विनर रही थीं। अब तमन्ना अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए थाईलैंड जाएंगी, जहां वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। तमन्ना ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर अभ्यास, अनुशासन और परिवार के सहयोग को दिया है। उन्होंने अपनी मां उर्मिला लकड़ा के सहयोग को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। तमन्ना के पिता जहरुदीन जशपुर के करबला रोड निवासी हैं। बेटी की इस उपलब्धि से पूरे जिले में गर्व और खुशी का वातावरण है।

## गोमती साय ने जाना योजनाओं का जमीनी असर

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर महादेवदांड में सघन जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 जून को मंडल महादेवदांड में पत्थलगांव विधानसभा की विधायक गोमती साय एवं सरगुजा संगठन सह प्रभारी सुनील गुप्ता के नेतृत्व में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर पहुंचकर मुलाकात की तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी ली। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन सहित अनेक जनहितकारी योजनाओं से उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है। विधायक गोमती साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार की योजनाएं गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। वहीं सुनील गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं, जिसका लाभ आज देश का हर वर्ग महसूस कर रहा है।

**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रतीक प्रकाश सिंह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री लखु राम, जनपद अध्यक्ष बगीचा गायत्री नागेश, महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य चुनमुन गुप्ता, मंडल महामंत्री दीपक नागेश एवं कृष्णा यादव, मंडल उपाध्यक्ष कुंवर साय, मंडल मंत्री उमेश गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति, युवा मोर्चा महामंत्री घनश्याम यादव एवं विनोद राम, किसान मोर्चा अध्यक्ष नैहर साय, महिला मोर्चा अध्यक्ष विजयी गंगा दास, प्यारों बाई, शक्ति केंद्र के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्षगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सांसद राठिया व विधायक भगत ने की ग्रामीणों के साथ बैठक

विधानसभा के ग्राम तोरा स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण में सोनकयारी मंडल द्वारा आयोजित मोदी के 12 वर्ष सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी उपलब्धियों पर चर्चा की। कार्यक्रम जशपुर विधायक रायमुनी भगत की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, निःशुल्क राशन, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल, सड़क, बिजली एवं अन्य अनेक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने में सफल रहे है।

## यात्रियों से भरी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




पत्थलगांव शहर में शनिवार की शाम को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया।

जानकारी के अनुसार जशपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक क्रमांक बीआर 1 जीएच 8577 के चालक ने शराब के नशे में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही सवारी बस को साइड से रगड़ दिया। घटना जशपुर रोड स्थित गणपति ग्लास के सामने की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि राजधानी बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0615 यात्रियों को लेकर पत्थलगांव से कुनकुरी की तरफ जा रही थी। इसी दौरान जशपुर की तरफ से आ रहे तेज गति में आ रहे पहुंचे ट्रक ने विपरीत दिशा में जाकर बस को साइड से टक्कर मार दी। हादसे के समय बस में कई यात्री सवार थे। अचानक हुए जोरदार झटके से बस के अंदर अफरा-तफरी और भगदड़ की स्थिति बन गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक चालक शराब के नशे में दिखाई दे रहा था और वाहन अनियंत्रित तरीके से चला रहा था।

### युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

**जशपुरनगर।** जिले के ग्राम गलौडा में एक 22 वर्षीय युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, ग्राम गलौडा निवासी करण टोप्पो उम्र 22 वर्ष), पिता बरथोलोमीस टोप्पो, मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, रविवार शाम वह कीतम बाजार से वापस घर लौटा था। रात करीब 7 बजे उसने परिवार के साथ भोजन किया, जिसके बाद वह बिना किसी को बताए घर से बाहर निकल गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गांव के समीप करंज के पेड़ पर उसका शव फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## जिले की 44 सहकारी समितियों में बीज-खाद पर्याप्त

■ संतुलित उर्वरक उपयोग और हरी खाद को बढ़ावा देने पर जोर

**जशपुरनगर।** खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले में किसानों को बीज, खाद एवं कृषि ऋण की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। कृषि विभाग के अनुसार जिले की आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में बीज एवं उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण किया गया है तथा किसानों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की अनुशंसित मात्रा के अनुसार रासायनिक उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। इससे किसानों को खेती-किसानी के लिए आवश्यक संसाधन आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे और फसल उत्पादन में वृद्धि हो सके।

विभागीय मैदानी अमलों द्वारा गांव-गांव पहुंचकर किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के साथ-साथ हरी खाद अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे अपने खेतों में हरी खाद का अधिक उपयोग करें, जिससे मिट्टी में नाइट्रोजन एवं फास्फेट जैसे आवश्यक पोषक तत्वों की प्राकृतिक रूप से पूर्ति हो सके। जिले में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सहकारी समितियों का दायरा भी बढ़ाया गया है। पहले जिले में 24 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियां संचालित थीं, जिन्हें बढ़ाकर अब 44 कर दिया गया है। समितियों की संख्या बढ़ने से किसानों को खाद एवं बीज प्राप्त करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ रहा है, जिससे समय और परिवहन खर्च दोनों की बचत हो रही है। वर्तमान में जिले की 44 सहकारी समितियों में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का कुल 9,285 मीट्रिक टन भंडारण किया गया है। इनमें से अब तक 3,681.515 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है। इसी प्रकार धान बीज का 6,836.30 क्विंटल भंडारण किया गया है, जिसमें से 1,872.30 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया जा चुका है। समितियों में बीज एवं खाद का भंडारण लगातार जारी है, ताकि आगामी आवश्यकता के अनुसार किसानों को सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

कृषि ऋण वितरण के क्षेत्र में भी जिले ने उल्लेखनीय प्रगति की है। सहकारी समितियों के माध्यम से अब तक 10,187 किसानों को खेती-किसानी के लिए कुल 3,779.12 लाख रुपये का कृषि ऋण वितरित किया गया है। इसमें 3,133.08 लाख रुपये नगद तथा 646.04 लाख रुपये वस्तु ऋण के रूप में प्रदान किए गए हैं। इस ऋण का उपयोग किसान खेती की लागत, बीज, उर्वरक एवं अन्य कृषि कार्यों में कर रहे हैं, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता और आय में वृद्धि हो रही है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले के किसानों को खाद, बीज एवं कृषि ऋण प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। सभी सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में सामग्री उपलब्ध है और किसानों को समय पर आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

## कुनकुरी स्वास्थ्य केंद्र में लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ कर्मचारियों और नागरिकों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग





विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून को देश, प्रदेश सहित पूरे अंचल में व्यापक जनजागरूकता और रक्तदान कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत इस वर्ष ?मानवता की एक बूंद, रक्तदान करें – जीवन बचाएं? थीम पर कई विशेष गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी में एक विशाल और विशेष रक्तदान शिविर का विधिवत आयोजन किया गया।

इस विशेष शिविर को सफल बनाने में जिला अस्पताल से आई डॉक्टर ममता सिंह सम्मिलित रहीं। साथ ही कुनकुरी बीएमओ डॉक्टर किरण कुजूर की अगुवाई में पूरे शिविर का सुचारू और विधिवत संचालन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के इस आह्वान पर अस्पताल के समस्त कर्मचारियों, क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने एकजुटता दिखाते हुए इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया।जिसमे16 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया और स्वैच्छिक रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता का संकल्प लिया।

### ब्लड ग्रुप जांच की मिली मुफ्त सुविधा

रक्तदाता पंजीकरण को बढ़ावा देने और लोगों को उनके ब्लड ग्रुप के प्रति जागरूक करने के लिए आज कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-जिला व जिला अस्पतालों और ब्लड बैंकों में विशेष व्यवस्था की गई है। यहां आने वाले आम नागरिकों के रक्त समूह की मुफ्त जांच की जा रही है, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में लोग रक्तदान के लिए सदैव तैयार रह सकें।

### ली जा रही शपथ

मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, आज ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंचों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामीणों को नियमित व निःस्वार्थ रक्तदान की शपथ दिलाई जा रही है। जिला प्रशासन को इन सभी कार्यक्रमों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों को कार्यक्रमों की रिपोर्ट और छायाचित्र सीधे स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

## हस्तशिल्प कला, मिट्टी की कलाकृति, आर्ट एवं क्राफ्ट का प्रदर्शन

# पीएम श्री शाला बघिमा में समर कैंप का रंगारंग समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




पीएम श्री प्राथमिक शाला बघिमा में 10 दिनों तक आयोजित समर कैंप का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समापन अवसर पर बच्चों ने नृत्य, गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया।

समर कैंप के दौरान बच्चों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, मिट्टी से निर्मित आकर्षक कलाकृतियों तथा विभिन्न आर्ट एवं क्राफ्ट सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहना की। समापन समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जशपुर कल्पना टोप्पो एवं उपसरपंच बघिमा संदीप राम, नितेश दास विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों की रचनात्मकता, उत्साह एवं प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। समर कैंप के दौरान बच्चों को रंगोली, चित्रकला, योग, बागवानी, आर्ट एवं क्राफ्ट, व्यक्तित्व विकास तथा खेलकूद जैसी विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उनके सर्वांगीण विकास एवं सृजनात्मक क्षमता को प्रोत्साहन मिला। अपने संबोधन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कल्पना टोप्पो ने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा रचनात्मक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए बच्चों को निरंतर नई चीजें सीखने और अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रशिक्षक सुरेश खलखो, रवि गुप्ता, मनोहर टोप्पो, रंजिता सारंगी, तारिका बुनकर, शशि साहू एवं नूतन कुजूर का सराहनीय योगदान रहा।

## 497 उचित मूल्य दुकान में ई पोस मशीन से मिल रहा हितग्राहियों को राशन



**जशपुरनगर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का उद्देश्य समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का का उपार्जन कर किसानों को समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने के साथ साथ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश के जरूरतमंद नागरिकों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

जशपुर जिले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में ई पोस के माध्यम खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। 497 उचित मूल्य दुकानें संचालित है। सभी को आधार युक्त राशन सामग्री वितरण किया जाता है। आधार कार्ड में राशनकार्ड के मुखिया या सदस्य जिनका आधार राशनकार्ड से लिंक है। खाद्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल बीपीएल हितग्राही 2 लाख 51 हजार 358 हितग्राही, एपीएल के 16780 हितग्राही कुल राशनकार्ड हितग्राही 2 लाख 68 हजार 108 हितग्राही शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में राशनकार्ड हितग्राहियों को कार्ड की श्रेणी के अनुसार प्रतिमाह 10 किलोग्राम से लेकर 35 किलोग्राम चावल मिलता है।

### खबर संक्षेप

### आज होगी बच्चों की निःशुल्क हृदय जांच




**जशपुरनगर।** श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल नवा रायपुर द्वारा जिला अस्पताल में 15 जून को प्रातः 9 बजे से बच्चों में जन्मजात हृदय रोग संबंधी जांच की जाएगी, जहां आमजन आकर अपने बच्चों की जांच करा सकते हैं। एसईसीएल के सीएसआर कार्यक्रम धड़कन अन्तर्गत जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ऐसे बच्चे जिन्हें सांस लेने में परेशानी, वजन ना बढ़ना, बार बार सर्दी-ख़ासी या निमोनिया होना, स्तनपान के समय पसीना आना, तेज धड़कन, शरीर का नीलापन संबंधित लक्षण है उनकी पूर्णतः निःशुल्क परीक्षण एवं जाँच की जाएगी, एवं जन्मजात हृदय रोग चिह्नांकित बच्चों की सर्जरी एस.इ.सी.एल. के द्वारा रायपुर के श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल में पूर्णतः निःशुल्क की जाएगी।

### 6वीं में प्रवेश के लिए 5 जुलाई को परीक्षा

**जशपुरनगर।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति व जनजाति विद्यार्थी योजना' के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को राज्य के निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा दी जाएगी। जानकारी के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून तक निर्धारित है। जिसकी प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई को सुबह 12 से 2 बजे तक जिला मुख्यालय में होगी। इच्छुक छात्र अपने स्कूल के प्रधानाचार्य के माध्यम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

**जशपुरनगर।** संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों एवं छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना-2021 के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग द्वारा पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि 20 मार्च को बढ़ाकर अब 30 जून कर दिया गया है। योजना के तहत गुरू-शिष्य परंपरा के अंतर्गत पिछले 6 माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पात्र युवा कलाकारों एवं छात्रों की प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। नियमावली अनुसार ऐसे दो प्रशिक्षार्थियों की प्रविष्टियां जिलाध्यक्ष की अनुशंसा से एवं स्कूल शिक्षा अथवा उच्च शिक्षा के अध्ययन के लिए संस्था प्रमुख की अनुशंसा अनिवार्य होगी।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का उद्देश्य देश के ऐसे प्रतिभाशाली एवं प्रेरणादायी बच्चों को सम्मानित करना है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल कर समाज में अपनी विशेष पहचान बनाई है। यह पुरस्कार 18 वर्ष तक की आयु के उन बच्चों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो। पुरस्कार के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्रदान करने के साथ-साथ अन्य बच्चों को भी प्रेरित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अनधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारी को सेवा समाप्ति का नोटिस

**अम्बिकापुर।** डीईओ डॉ दिनेश झा द्वारा कार्यालय बीईओ अम्बिकापुर से 9 फरवरी 2022 से निरंतर बिना किसी सूचना के अनुपस्थित चल रहे कर्मचारी रामकुमार राजवाड़े को सेवा से पृथक किए जाने संबंधी अंतिम सूचना जारी की गई है। जारी पत्र के अनुसार भिट्ठीकला लोधिमा निवासी रामकुमार राजवाड़े के विरुद्ध लंबे समय से अनधिकृत अनुपस्थिति का प्रकरण लंबित था। इस संबंध में डीईओ ने विभागीय जांच संस्थित की गई थी। जांच के लिए प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय गांधीनगर को जांच अधिकारी तथा प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर, अम्बिकापुर को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया था। विभागीय जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि संबंधित कर्मचारी को विभागीय जांच की सुनवाई हेतु दो बार सूचना पत्र जारी कर अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया, किन्तु वे निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हुए और न ही अपने पक्ष में कोई अभिलेख प्रस्तुत किए। जांच अधिकारी ने प्रतिवेदन में उल्लेख किया है कि संबंधित अपचारी सेवक के विभागीय जांच में उपस्थित नहीं होने के कारण नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाना उचित है। विभागीय जांच के अंतिम निष्कर्ष एवं शासन के निर्देशों के आधार पर रामकुमार राजवाड़े को सेवामुक्त किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया है कि यदि वे इस संबंध में कोई पक्ष अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना चाहते हैं तो 17 जून तक जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना बचाव प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक उपस्थित नहीं होने की स्थिति में उन्हें सेवा से पृथक किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

### समर कैंप में संचालित हो रही विविध गतिविधियां



**बिहारपुर।** गर्मियों की छुट्टियों को बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक, रचनात्मक और मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से पीएम श्री प्राथमिक शाला महुली में समर कैंप का संचालन 7 जून से किया जा रहा है। इस 9 दिवसीय शिविर में बच्चों के लिए प्रतिदिन अलग-अलग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। बच्चों को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए योग शिक्षक अनुराधा सिंह द्वारा प्रतिदिन सुबह योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराने के साथ ही विविध खेल गतिविधियां कराई जा रही है। बच्चों की रचनात्मकता को उभारने के उद्देश्य से शिक्षिका लोली कुंवर वर्मा के नेतृत्व में आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग, मिट्टी के खिलौने, वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खेल-खेल में बच्चों की भाषाई और गणितीय समझ को मजबूत किया जा रहा है साथ ही उन्हें अनुशासन, समय का सही प्रबंधन और पब्लिक स्पीकिंग जैसी लाइफ स्किल्स सिखाई जा रही है। प्रधानपाठक भागीरथी सिंह ने बताया कि समर कैंप का समापन 15 जून को किया जाएगा। इस दिन बच्चे शिविर के दौरान अपने हाथों से बनाई गई शिविर के अंतिम कलाकृतियों को प्रदर्शित करेंगे व छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### स्कॉर्पियो वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक-युवती घायल

**राजपुर।** बलरामपुर- राजपुर मुख्य मार्ग पर शनिवार भोर में निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर राजपुर तहसील कार्यालय से 200 मीटर में हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल 108 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जिगड़ी निवासी 22 वर्षीय प्रिंस अपनी साथी अल्बिना के साथ सेवारी से जिगड़ी की ओर बाइक से जा रहा था। शनिवार सुबह करीब 4.40 बजे जब वे तहसील कार्यालय से आगे निर्माणाधीन नेशनल हाईवे में जा रहे थे तभी झींगों की ओर से अंबिकापुर जा रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार प्रिंस और अल्बिना कई फीट दूर सड़क पर जा गिरे। हादसे में प्रिंस को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अल्बिना भी घायल हुई है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल सहायता पहुंचाई और 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्रिंस की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी।

## उपकेंद्रों के लिए अब तक नहीं हो सका है भूमि का आवंटन

# विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए शहरी क्षेत्र में बनाए जाएंगे 5 विद्युत उपकेंद्र


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहरी क्षेत्र की बढ़ती विद्युत जरूरतों की पूर्ति के लिए विभाग शहर में अलग-अलग स्थानों पर पांच विद्युत उपकेंद्र बनाने की योजना बनाई है।

**खास बात**
- नए उपकेन्द्र बनने से विद्युत समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण

विद्युत उपकेन्द्र के लिए जगह उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण बात आगे नहीं बढ़ पा रही है। जगह उपलब्ध होने के बाद विभाग शासन को निर्माण का प्राक्कलन भेजता है जिसके बाद इसकी स्वीकृति मिलती है।

संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर का विकास तेजी से हो रहा है तथा क्षेत्र की आबादी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग भी बढ़ रही है। लगातार बढ़ती विद्युत की मांग की पूर्ति के लिए विद्युत संसाधनों को बढ़ाने की जरूरत महसूस की जा रही है। विद्युत अधिकारियों के अनुसार हर साल शहर में औसत 200 से 250 एम्पीयर बिजली की मांग बढ़ रही है। पिछले सालों की तुलना में इस बार गर्मी में विद्युत की खपत में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई है। वैसे तो गर्मी के मौसम में हर साल बिजली की खपत बढ़ती है लेकिन पिछले सालों की तुलना में इस बार खपत में अत्यधिक वृद्धि हुई है। फरवरी के महीने शहरी क्षेत्र में विद्युत की खपत 2100 एम्पीयर हो रही थी जो अप्रैल में बढ़कर 2736 एम्पीयर पहुंच गई। अप्रैल महीने में विद्युत खपत में 636 एम्पीयर की वृद्धि दर्ज की गई है। जून के प्रारंभ में प्री-मानसून की बारिश होने के बाद खपत में कुछ कमी आई है। लेकिन अभी भी खपत असामान्य नहीं हुई है। वर्तमान में पूरे शहर में 45.5 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है। अप्रैल में 5.5 मेगावाट विद्युत खपत बढ़ी जबकि जून में बारिश होने के कारण 1.5 मेगावाट खपत कम हुई है। बारिश होने के बाद उमस बढ़ गई है तथा अभी भी चिलचिलाती धूप निकल रही है जिसके कारण उसम एवं गर्मी से राहत के लिए लोग दिन रात एसी एवं कूलर का उपयोग कर रहे हैं। मानसून की झमाझम बारिश होने के बाद ही गर्मी की तपिश में कमी आने की उम्मीद है तथा जुलाई के बाद विद्युत खपत में धीरे-धीरे कमी आने की संभावना जताई जा रही है। खपत बढ़ने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर फेल होने, जम्पर ब्रस्ट होने सहित विद्युत उपकरणों में तकनीकी खराबियां आ रही हैं साथ ही आपूर्ति बाधित हो रही है। विद्युत खपत में बेतहाशा वृद्धि होने के पीछे रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि होने के बाद इण्डक्शन के अधिक उपयोग को बताया जा रहा है। लोगों में एसी,कूलर के साथ ही विद्युत आधारित उपकरणों के लगातार बढ़ रहे उपयोग को भी बड़ा कारण माना जा रहा है। विद्युत अधिकारियों का कहना है कि नए विद्युत उपकेंद्र बनने से खपत का दबाव कम होगा साथ ही लोगों को गुणवत्तायुक्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी।



### तीन फीडर की लम्बाई अधिक

शहर में तीन फीडर ऐसे हैं जिनकी लम्बाई काफी अधिक है। इस विद्युत लाइन में फाल्ट आने पर सुधार में काफी समय लगता है। विद्युत लाइन की लम्बाई अधिक होने के कारण फाल्ट ढूंढने में ही काफी समय लग जाता है। शहर का शिकारी रोड फीडर घुटरापारा से लेकर साक्षरता मार्ग तक वही खैरबार फीडर कई ग्रामीण क्षेत्रों से होते हुए लमगांव तक फैला है। इसी तरह तकिया फीडर शहर के बीच जोड़ा पीपल, केदारपुर तक विस्तारित है। विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग ने सांडबार से शहर के बाबूपारा तक विस्तारित किया है। विभाग द्वारा शहर के चारो तरफ रिंग रोड पर 33 केवी विद्युत लाइन का विस्तार करने की योजना बनाई गई है। इसी तरह बिशुनपुर, खड़गवां एवं लखनपुर को भी 33 केवी विद्युत लाइन से जोड़ने की योजना बनाई गई है। हालांकि वर्तमान में शहर के बिशुनपुर में एकमात्र 132 केवी विद्युत उपकेन्द्र से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। लम्बे समय से अतिरिक्त 132 केवी उपकेन्द्र की जरूरत महसूस की जा रही है।

### इन क्षेत्रों में विद्युत उपकेन्द्र का प्रस्ताव

विद्युत जरूरतों एवं बिजली के लम्बी लाइन को छोटा करने के साथ ही समय-समय पर आने वाली तकनीकी खामियों के निराकरण के लिए पुराना बस स्टैण्ड स्थित राज परिवहन डीपो, घुटरापारा स्थित महामाया पहाड़, गहिरा गुरू वार्ड, भट्ठापारा, गंगापुर वार्ड में नया विद्युत उपकेन्द्र खोलने की योजना बनाई गई है। इन क्षेत्रों में शासकीय भूमि भी उपलब्ध है।

### मानसून पूर्व मेंटेनेंस का इंतजार

बरसात सिर पर है तथा तीन-चार दिनों में मानसून की बारिश शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। विभाग हर साल बरसात के पूर्व विद्युत लाइन की सुरक्षा के लिए रख-रखाव का कार्य करता है साथ ही विद्युत लाइन के आसपास के पेड़ों की डालियों की कटाई-छटाई करवाता है ताकि आंधी-बारिश के दौरान पेड़ों डालियों से विद्युत लाइन सुरक्षित रहे। इस बार ऐन समय पर सुशासन तिहार का आयोजन होने के कारण विभाग आधे-अधूरे क्षेत्रों में ही मेंटेनेंस का कार्य करा पाया है। ऐसे में बारिश का मौसम शुरू होने पर पेड़ों की डालें टूटने से बार-बार विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

### तीन कर्मचारियों के भरोसे एक जोन की व्यवस्था

विभाग ने विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर सुधार की जिम्मेदारी ठेकेदार को सौंप दी है। ठेकेदार द्वारा 20 हजार की आबादी वाले जोन में विद्युत लाइन में आए फाल्ट को सुधारने के लिए मात्र तीन कर्मचारियों को तैनात किया गया है। एक साथ कई स्थानों पर फाल्ट आने की स्थिति में कर्मचारियों को फाल्ट सुधारने में घंटों का समय लगता है तथा क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विभाग द्वारा शहर को तीन जोन में बांटा गया है। जोन-1 एवं 2 की आबादी 20 हजार से अधिक है साथ ही दोनों का क्षेत्र भी बड़ा है वहीं जोन-3 की आबादी मात्र 10 हजार है। विद्युत अधिकारियों का कहना है कि पूर्व की व्यवस्था के अनुसार ठेकेदार को हर जोन में 3-3 कर्मचारियों के एक-एक गैंग की स्वीकृति दी गई है। अधिक आबादी वाले दो जोन में एक-एक गैंग बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

वर्तमान जरूरतों को देखते हुए पांच नए विद्युत उपकेंद्र खोलने की जरूरत है। उपकेन्द्रों के लिए जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजकर शासकीय भूमि की मांग की गई है। भूमि का आवंटन होते ही प्राक्कलन शासन को भेजा जाएगा। सोमवार से मानसून पूर्व का रख-रखाव कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। शहर के दो बड़े जोन में सुधार कार्य के लिए भी गैंग बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

-जेपी राजवाड़े
ईई, विद्युत संभाग शहर

# पम्प व ढाबे में उपद्रव व लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र के शशिपुर-केनापारा स्थित मां बाला सुंदरी पंप के पास बीते दो दिनों में हुई घटनाओं ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पंप संचालक एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ललित गोयल ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

- पुलिस के हाईवे पेट्रोलिंग पर उठ रहे सवाल

शिकायत के अनुसार, 11 जून की रात करीब 1 बजे लाल रंग की कार से पहुंचे तीन-चार युवकों ने पंप के बगल स्थित ढाबे पर पहुंचकर गाली-गलौज करते हुए दरवाजा खुलवाने का दबाव बनाया। ढाबे में उस समय दो-तीन महिलाएं मौजूद थीं। दरवाजा नहीं खोलने पर युवकों ने बाहर से कुंडा लगाकर वहां से चले गए। इस संबंध में 12 जून को जयनगर थाना में लिखित शिकायत दी गई। इसके बाद 13 जून की रात करीब 2 बजे तीन-चार युवक बाइक से पंप के पास पहुंचे और वहां खड़े एक ट्रक चालक के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि युवकों ने ट्रक चालक से 7 से 8 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन, पर्स और ड्राइविंग लाइसेंस भी लूट लिया। पीड़ित ट्रक चालक ने घटना की लिखित शिकायत जयनगर पुलिस थाना में दर्ज कराई है। ललित गोयल ने कहा कि केनापारा क्षेत्र असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। उनका आरोप है कि यदि पहली घटना के बाद पुलिस ने प्रभावी गश्त और सर्चिंग की होती, तो संभवतः ट्रक चालक के साथ यह वारदात नहीं होती।

घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कॉलेज भवन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की नींव, विधायक प्रबोध मिंज ने किया कॉलेज भवन निर्माण का भूमि पूजन

**अम्बिकापुर।** क्षेत्रीय विधायक प्रबोध मिंज ने शुक्रवार को नवीन शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। कॉलेज भवन निर्माण के लिए शासन द्वारा 4.49 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अवसर पर विधायक श्री मिंज ने कहा आज का दिन लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। यह भवन केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की नींव है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही युवाओं के सपनों को नई उड़ान मिलती है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त महाविद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि नए भवन में प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं स्मार्ट क्लास जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे धौरपुर एवं आसपास के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने गुरूजनों से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने तथा विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने तथा अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जिला मंत्री वैभव सिंहदेव, विधायक प्रतिनिधि जयंत मिंज, मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, सतीश जायसवाल, सरपंच वकील कुजूर, जगत राम, रामनिवास टेकाम, प्रदीप पावले सहित किशोर कुजूर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## मोर गांव-मोर पानी के तहत चलाया गया अभियान

# सांसद चिंतामणी महराज ने खेत में गड्ढा खोदकर दिया जल संरक्षण का संदेश

**राजपुर।** जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढाबगीचा में मोर गांव-मोर पानी महा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरगुजा सांसद चिंतामणी महराज ने स्वयं खेत में गड्ढा खोदकर अभियान की शुरुआत की और ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से 5 प्रतिशत मॉडल को बढ़ावा देना है, जिसके तहत किसान अपने खेत के एक हिस्से में जल संरक्षण संरचनाएं विकसित कर वर्षा जल का संग्रहण करेंगे। इससे भू-जल स्तर बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और भविष्य में जल संकट से बचाव की दिशा में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। इस अवसर पर सरगुजा सांसद चिंतामणी महराज ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए आज से ही जल संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने शासन की विभिन्न जल संरक्षण योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ने और अपने गांव को जल समृद्ध बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे, पंचायत इंस्पेक्टर फुलमोहन राम, पूर्व सरपंच ललन राम, सचिव देवीदयाल मरावी, रामदीन राम, कृष्णा गुप्ता, विक्की गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# आजादी के बाद भी सड़क को तरस रहे ग्रामीण

**रामानुजगंज।** नगर सीमा से लगे ग्राम पुरानडीह के ग्रामीणों ने वर्षों पुरानी सड़क समस्या को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद की है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के बाद से अब तक गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का डामरीकरण नहीं हो सका है, जिससे बरसात के दिनों में आवागमन गंभीर रूप से प्रभावित हो जाता है।

- पुरानडीह में डामरीकरण की मांग

सोमवार को पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बीडी लाल गुप्ता, सुनील कन्हरे, मदन राम, रघुनाथ कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग उठाते हुए शासन-प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। ग्रामीणों ने बताया कि रामानुजगंज नगर से सटे होने के बावजूद पुरानडीह सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि हल्की बारिश में ही मार्ग कीचड़ से भर जाता है। बरसात के मौसम में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, मरीजों, किसानों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बी लाल गुप्ता ने कहा कि पुरानडीह की सड़क लंबे समय से उपेक्षा का शिकार है। नगर सीमा से लगे गांव में आज तक डामरीकृत सड़क नहीं बनना विकास के दावों पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। आगामी बरसात को देखते हुए लोगों की चिंता बढ़ गई है। यदि समय रहते सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो बरसात के दौरान स्थिति और भी विकट हो सकती है। ग्रामीणों ने शासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि पुरानडीह सड़क का शीघ्र डामरीकरण कराया जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके और ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# युवक ने मंदिर में की तोड़फोड़, लोगों ने की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

गांव में स्थित हिंदू आस्था का केंद्र हनुमान मंदिर में घुसकर एक युवक द्वारा बजरंगबली की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने की घटना सामने आई है। इस घटना के बाद यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। मौके पर काफी संख्या में ग्रामवासी जमा हो गए और मूर्ति खंडित करने वाले युवक की जमकर धुलाई कर दी। धुलाई करने के बाद युवक को घटना की सूचना पर गांव पहुँची पुलिस के हवाले कर दिया गया।

- पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

उक्त घटना ग्राम सहनपुर की है जहां शनिवार की सुबह दस बजे स्थानीय युवक 34 वर्षीय राजेंद्र खलखो उर्फ भंडारी आ. फुर्तिराम गांव में स्थित हनुमान मंदिर पहुंचा। इस दौरान युवक ने मंदिर का दरवाजा खोलकर गर्भगृह में प्रवेश किया और वहां स्थापित बजरंगबली की मूर्ति को खंडित कर दिया। इस घटना के बाद युवक भागने लगा लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। इस घटना की खबर गांव में आग की तरह फैल गई और देखते भर में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस को भी इस घटना के बारे में सूचना दे दी गई। पुलिस के गांव पहुंचने से पहले लोगों ने युवक की जमकर पिटाई करते हुए उस पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर भारी सुरक्षा में लेकर थाने पहुंची। थाने लाने के बाद पुलिस ने इस मामले में धारा 298 के तहत अपराध दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रघुनाथ राम भगत एवं पुलिस बल सक्रिय थे।



# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जिले में चला विशेष जागरूकता अभियान

**सूरजपुर।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिले में बाल श्रम के पूर्ण उन्मूलन और बच्चों के अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान अध्यक्ष,प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री पायल टोपनो के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। बच्चों के सुनहरे भविष्य को सुरक्षित करने के संकल्प के साथ इस अभियान को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग और श्रम विभाग के आपसी समन्वय से संयुक्त टीम गठित कर शहरी से लेकर ग्रामीण स्तर तक संचालित किया गया। संयुक्त टीम द्वारा जिले के विभिन्न संवेदनशील एवं प्रमुख व्यावसायिक स्थलों न्यू बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड परिसर, चंदरपुर क्षेत्र तथा विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों, होटलों, ढाबों और मोटर वाहन गैराजों में सघन जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम ने होटल एवं गैराज संचालकों से सीधा संवाद कर उन्हें बाल श्रम अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी तथा स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि बच्चों को काम पर रखना कानूनन दंडनीय अपराध है।

# भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने पीड़ितों को दी निःशुल्क विधिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



भाजपा विधि प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को संकल्प भवन में निःशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन कर नागरिकों की विधिक समस्याओं का निराकरण के लिए आवश्यक कानूनी परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में मैनपाट के कमलेश्वरपुर निवासी अहिवरन दास एवं मटकू दास अपने पारिवारिक बंटवारा संबंधी प्रकरण को लेकर वहीं राम उरांव अपने चार भाइयों के मध्य भूमि विवाद संबंध मामले के समाधान हेतु शिविर में पहुंचे। ग्राम भकुरा के बिजली उपभोक्ता लवांग साय अपनी पत्नी प्रभा विश्वकर्मा अत्यधिक बिजली बिल 38660 रूपये के निराकरण हेतु आए थे। प्रकरणों में उपस्थित अधिवक्ताओं ने निःशुल्क विधिक सहायता एवं कानूनी परामर्श प्रदान किया गया एवं निःशुल्क आवेदन बनाकर हितग्राहियों को दिया। शिविर में जिला संयोजक जनमेजय पाण्डेय ने कहा कि विधिक सहायता शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को सरल एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। भविष्य में भी विधि प्रकोष्ठ द्वारा इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में विद्याभूषण श्रीवास्तव, जिला महामंत्री विनोद हर्ष, अधिवक्ता श्यामलाल गुप्ता, संजीव कुमार सेठ, अरविन्द कन्नौजिया, उदयप्रकाश सिन्हा, श्रीमती आशा जायसवाल, विवेक पाण्डेय, धनंजय मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## मायके से पत्नी के नहीं आने पर युवक ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम खम्हरिया निवासी हेमंत सिंह (28 वर्ष) डेढ़ दो सप्ताह पूर्व पत्नी रखे का उसके मायके पटना कोरिया गया था। जब पत्नी मायके पहुंच गई तो पति से एक माह रहने की बात कही जिसके बाद पति वापस घर आ गया। एक सप्ताह बाद पति अपने ससुराल पत्नी को लेने गया तो पत्नी के 3-4 दिन और मायके में रहने की बात कही। इसी बीच 11 जून को युवक परिजन से पत्नी को लेने जाने की बात कहकर घर से निकला और घर के कुछ दूर ही कीटनाशक पीकर बैठा था। युवक की तबीयत बिगड़ते देख उसके दोस्तों ने उसे घर पहुंचा दिया। परिजन युवक की हालत ज्यादा खराब होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने देर रात विधायक ने किया हॉस्पिटल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर समेत क्षेत्रवासियों के इलाज का सबसे बड़ा केंद्र सौ बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने देर रात विधायक रामकुमार टोप्पो ने हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने सभी वार्डो का भ्रमण करते हुए इलाज हेतु भर्ती मरीजों का हालचाल जाना एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

- अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हॉस्पिटल का निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति, दवा की उपलब्धता एवं रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि मरीजों के उपचार एवं देखरेख में कोई कमी न रहे यह जिम्मेदारी अस्पताल प्रबंधन की है।इस मामले में किसी तरह की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं कि जायेगी। विधायक ने कहा कि कभी कभी मरीजों के लिए इमरजेंसी के हालात बन जाते है ऐसी स्थिति में आप सभी पूरी तत्परता से अपना फर्ज अपनाए ताकि किसी मजबूर बेवश लाचार इंसान की जान बच जाए और आप जनता का विश्वास जीत सके।विष्णुदेव साय के सुशासन में जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सब की जिम्मेदारी है। इसमे जरा भी कोताही बरती गई तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान बीएमओ डॉ. एसएन पैंकरा चिकित्सक स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य उपस्थित थे।





# इम्तियाज अली निर्देशित 'मैं वापस आऊंगा' हुई रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' आज रिलीज हो गई है। यह फिल्म भारत के 1947 के बंटवारे के उथल-पुथल भरे दौर में पनपे प्यार और तड़प की कहानी कहती है। इम्तियाज अली ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, जिसमें 2 अलग-अलग समय के दौर को खूबसूरती से पिरोया गया है। फिल्म में शरवरी ने जिया नाम का एक ऐसा किरदार निभाया है, जो इस जज्बाती और कई पीढ़ियों तक चलने वाली कहानी की धुरी है। शरवरी ने इस फिल्म को अपने दिल के बेहद करीब बताया। उन्होंने आगे बताया कि यह प्यार और तड़प की एक ऐसी कहानी है, जो सभी सीमाओं, समय और यादों से परे है।

## लाइफ Style



# जेनिफर

## कब और किसके साथ सात फेरे लेंगी टीवी की 'माया'

छोटे पर्दे पर अपनी बेहतरीन अदाकारी से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस जेनिफर विंगेट एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में हैं। सोशल मीडिया पर बीते कुछ हफ्तों से चल रही तमाम अटकलों पर अब विराम लगता नजर आ रहा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री के करीबी सूत्रों के हवाले से यह पक्की खबर सामने आई है कि जेनिफर इस समय सिंगापुर के बिजनेसमैन विलियम इश्माएल के साथ रिलेशनशिप में हैं। यह कपल अब अपने इस रिश्ते को शादी के मुकाम तक ले जाने की पूरी तैयारी कर चुका है। लगभग 41 साल की एक्ट्रेस के करीबी सूत्रों ने बताया है कि जेनिफर और इश्माएल कुछ समय से रिलेशनशिप में हैं और अब अपने रिश्ते को अगले पड़ाव पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कपल साथ में बहुत खुश है, विलियम ने छुट्टियों के दौरान जेनिफर को प्रपोज़ किया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। अब वे अपनी शादी की योजना बना रहे हैं।

खबर है कि यह कपल क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी करने पर विचार कर रहा है। हालांकि शादी की तारीख और जगह अभी तय नहीं हुई है, लेकिन वे शादी के लिए सितंबर या अक्टूबर के बारे में सोच रहे हैं। अगर उन महीनों में शादी नहीं हो पाती है, तो वे दिसंबर या जनवरी में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। जेनिफर की सगाई और शादी की योजनाओं की चर्चा ने फैंस को बहुत उत्साहित कर दिया है।

## हॉलीवुड मसाला



# डांस से मंच पर मचेगी असली धूम

**लॉस एंजिल्स।** पॉप क्वीन मैडोना और एब्सोल्यूट वोदका मिलकर 'एब्सोल्यूट आइकॉन' नाम से एक नया कैंपेन शुरू कर रहे हैं। यह कैंपेन मैडोना के नए एलबम 'कॉन्फेशंस' से प्रेरित है। इस कैंपेन में डांस को एक खास जगह के तौर पर दिखाया जाएगा, जहां लोग एक-दूसरे से मिलते हैं और अपने मन की बात कह पाते हैं। मैडोना का कहना है कि संगीत और डांस के जरिए लोगों को आपस में जुड़ने से ऐसी खुशी मिलती है, जिससे वे अपनी जिंदगी की खुशी फिर से महसूस कर पाते हैं।



# 'विडोज बे' की रूथ का राज खुला, फिनाले में भूचाल...

**लॉस एंजिल्स।** एप्पल टीवी पर 'विडोज बे' का सीजन फिनाले 17 जून को आ रहा है और इस बार कहानी काफी गरमा गई है। पिछले एपिसोड में एक बड़ा खुलासा हुआ था। पता चला है कि मेयर टॉम की सहायक रूथ असल में इस शहर के संस्थापक की आखिरी वंशज है और शहर पर छाए डरावने श्राप की वजह भी वही है। एपिसोड तब खत्म हुआ जब टॉम टाउन हॉल से बाहर निकला। अटकलें लगाई जा रही हैं कि शायद वह रूथ के घर की तरफ ही जा रहा है। ऐसे में दर्शक यह जानने के लिए बेताब हैं कि आगे क्या होने वाला है। शो की क्रिएटर केटी डिपोल्ड बताती हैं कि वह हॉरर और कॉमेडी का मेल इसलिए करती हैं, क्योंकि उनकी नजर में जिंदगी एक बुरा सपना है और इसमें जिंदगी की बेतुकी हकीकत भी शामिल है।



# मैं कई मर्दों के साथ रिश्ता रखती हूं

**मुंबई।** अभिनेत्री शहाना गोस्वामी ने अपने रिश्तों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनके जीवन में कई पुरुषों के साथ गहरे संबंध हैं, लेकिन ये रिश्ते किसी एक परंपरागत मोनोगेमी में बंधे नहीं हैं। शहाना का कहना है कि प्यार का मतलब जरूरी नहीं कि हमेशा एक ही व्यक्ति के साथ रहना हो। शहाना ने एक इंटरव्यू में साफ कहा कि इस समय उनका कोई एक खास पार्टनर नहीं है। फिर भी उनके कई लोगों के साथ लंबे समय से जुड़ाव है। ये संबंध कैजुअल नहीं हैं, बल्कि गहरी दोस्ती और समझ पर आधारित हैं। उन्होंने जोर दिया कि हर रिश्ता अपने आप में खास है और इन्हें किसी खास दिशा में जबरदस्ती ढालने की जरूरत नहीं है। शहाना के अनुसार, उनके कुछ संबंध सिर्फ दोस्ती तक सीमित रहते हैं, तो कुछ में शारीरिक नजदीकी भी आ जाती है।




# सनी- अक्षय के बीच होगी बड़ी जंग

**मुंबई।** बॉलीवुड के 2 दिग्गज कलाकार सनी देओल और अक्षय खन्ना जल्द ही एक धमाकेदार कोर्टरूम ड्रामा फिल्म में आमने-सामने नजर आने वाले हैं। नेटफ्लिक्स ने उनकी आगामी फिल्म 'इक्का' का एक बेहद दमदार और नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसके साथ ही फिल्म की आधिकारिक रिलीज तारीख का भी ऐलान कर दिया गया है। आइए जानते हैं अक्षय खन्ना और सनी देओल के कड़क अंदाज से सजी ये फिल्म किस दिन दर्शकों के बीच आएगी। सनी और अक्षय पूरे 29 साल बाद एक बार फिर स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। नेटफ्लिक्स ने अब फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया है। ये फिल्म 10 जुलाई को सीधे नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। यह फिल्म एक दमदार और कड़क कानूनी ड्रामा है।

## टीवी मसाला



# 'लॉकअप सीजन 2' में रितेश और फराह खान बनेंगे क्रूर जेलर...


**मुंबई।** एकता कपूर का रियलिटी शो 'लॉकअप' अपने दूसरे सीजन के साथ लौट रहा है। करीब 4 साल बाद वापसी करने जा रहा यह शो बेबाक ड्रामा, दिमागी खेल और नए सिस्टम पर आधारित होगा। निर्माताओं की ओर से लगातार शो के प्रोमो जारी हो रहे हैं, लेकिन प्रतियोगियों के नाम अब तक सामने नहीं आए। हालांकि सोशल मीडिया पर 'लॉकअप 2' में आने वाले प्रतियोगी के नामों पर अटकलें जोर-शोर से लगाई जा रही हैं।

***इन सितारों का नाम आ रहा सामने :*** 'लॉकअप 2' में इस बार होस्ट की कमान 2 मशहूर सितारों के हाथों में होगी। हालिया प्रोमो में खुलासा हुआ था कि रितेश देशमुख और फराह खान शो की थीम के अनुसार क्रूर जेलर बनेंगे। दोनों मिलकर प्रतियोगियों को शो में बने रहने के लिए अपनी सच्चाई स्वीकार करने के लिए मजबूर करते दिखेंगे। पिंकविला के मुताबिक, शो में आने वाले प्रतियोगियों में राम, शिवांगी और उर्फी जावेद, उर्वशी ढोलकिया, शिल्पा शिंदे और अर्चना गौतम का नाम चर्चा में है।

***इस बार नेटफ्लिक्स पर धाक जमाने आएगा शो :*** साल 2022 में 'लॉकअप' का पहला सीजन एमएक्स प्लेयर पर आया था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। इस बार निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स को शो का नया ठिकाना बनाया है। यह 27 जून, 2026 से दस्तक देने के लिए तैयार है। हर नए एपिसोड शनिवार से बुधवार तक भारतीय समयानुसार रात 8 बजे रिलीज होंगे। शो में कुल 14 प्रतियोगी शामिल होंगे जिन्हें टीमों में विभाजित किया जाएगा, जिससे वह मुश्किल मानसिक और शारीरिक कार्यों को पूरा कर सकें।

## 'बिग बॉस सीजन 20' के लिए सितारों से शुरू हुआ संपर्क

**मुंबई।** लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' अपने 20वें सीजन के साथ लौटने वाला है। इसके लिए निर्माताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बताया जा रहा है कि आगामी सीजन दोगुना नाटकीय और रोमांचक सफर से भरपूर होगा। पिछले अन्य सीजन की तरह इस सीजन की मेजबानी भी सलमान खान करते हुए नजर आएंगे। चूंकि अभिनेता निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म 'एसवीसी 63' में व्यस्त हैं, इसलिए निर्माताओं ने उनके शेड्यूल को ध्यान में रखकर तारीख पर चर्चा की है। मीडिया सूत्रों के मुताबिक, पिछले सीजन की तरह ही 'बिग बॉस' का 20वां सीजन सितंबर महीने में टीवी पर लौटेगा। इसकी प्रीमियर तारीख 21 सितंबर तय करने की योजना बनाई जा रही है। बताया जा रहा है कि सलमान की टीम शो उनके शेड्यूल को व्यवस्थित करने और फिल्म की शूटिंग में कोई देरी न हो, इसके लिए तारीखें तय करने में जुटी हुई है। शो के निर्माता आधिकारिक तौर पर नए सीजन के साथ आगे बढ़ रहे हैं।



# ऐश्वर्या राय बनी जेडब्ल्यू मैरियट की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपनी अचिवमेंट लिस्ट में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ ली है। बात दें, अब वह दुनिया के टॉप लग्जरी होटल ब्रांड जेडब्ल्यू मैरियट की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बन गई हैं। इस नए कॉलोब्रेशन के साथ ऐश्वर्या इंटरनेशनल लेवल पर ब्रांड का रिप्रेजेंट करती नजर आएंगी और इसके स्पेशल कैंपेन स्टे इन द मोमेंट से जुड़ेंगी।

***क्या है स्टे इन द मोमेंट?:*** जेडब्ल्यू मैरियट, जो मैरियट बॉनवॉय के ग्लोबल पोर्टफोलियो का हिस्सा है, उन्होंने हाल ही में इस कॉलोब्रेशन की अनाउंसमेंट की है। बता दें, ब्रांड का स्टे इन द मोमेंट प्लेटफॉर्म ट्रेवल्स को प्रेजेंट मोमेंट एन्जॉय करने, मेंटल पीस और जर्नी के डेस्टिनेशन तक पहुंचे के बजाय एक यादगार एक्सपीरियंस के तौर पर देखने के लिए इंस्पायर करता है। कंपनी का कहना है कि ऐश्वर्या राय की दुनिया भर में अच्छी पहचान है और उनकी छवि भी काफी मजबूत है। इसके साथ अलग-अलग देशों और संस्कृतियों के लोगों से जुड़ने की उनकी क्षमता उन्हें इस अभियान के लिए एक बेहतरीन चेहरा बनाती है। वहीं अब वह जेडब्ल्यू मैरियट के वैश्विक विज्ञापनों, डिजिटल कैंपेन, प्रिंट प्रमोशन और खास ब्रांड इवेंट्स में नजर आएंगी।

***ऐश्वर्या की पॉपुलैरिटी से मिलेगा फायदा :*** यह साझेदारी ऐसे समय में हुई है जब जेडब्ल्यू मैरियट अपने कारोबार को दुनिया भर में तेजी से बढ़ा रहा है। भारत भी कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बन चुका है, जहां लग्जरी और खास अनुभवों वाली यात्राओं की मांग लगातार बढ़ रही है। इस बीच कंपनी को उम्मीद है कि ऐश्वर्या की पॉपुलैरिटी और ग्लोबल पहचान ब्रांड को और ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगी। बता दें कि ऐश्वर्या राय ने 1994 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्मों, फैशन और कई सोशल इवेंट्स के जरिए दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाई। अब जेडब्ल्यू मैरियट की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनने के साथ उनके करियर में एक और बड़ी अचीवमेंट जुड़ गई है।

# 'धमाल 4' का ट्रेलर जारी, पुरानी पलटन के कारनामे देख नहीं रुकेगी हंसी...




**मुंबई।** अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धमाल 4' का ट्रेलर आखिरकार जारी हो गया है। यह 4 गुना ज्यादा धमाचौकड़ी, अराजकता और भ्रम से भरपूर है, जिसने लोगों को अभी से उत्साहित कर दिया है।

फिल्म में अजय अपने किरदार 'गुड्डू' के रूप में लौटे हैं। उनके साथ-साथ रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी की वापसी भी हुई है। इंद्र कुमार द्वारा निर्देशित यह 'धमाल फ्रैंचाइजी' की चौथी किस्त है। इस बार कहानी खजाने के इर्द-गिर्द घूमती है। कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर यह फिल्म 10 जुलाई को सिनेमाघरों में आ रही है।


***अनोखा खजाना ढूंढने निकली पूरी पलटन :*** ट्रेलर पूरी तरह से कॉमेडी, अराजकता और पागलपन से भरपूर है, जो पलकें झपकाने का एक मौका नहीं देगा। इस बार अजय, रितेश, आदि और मानव खजाने की तलाश में निकलते हैं, लेकिन उनके सामने विलेन रवि किशन हैं। दो मछलियों पर पैर रखकर स्टंट करना, शब्बो' के बॉयफ्रेंड से टकराव होना और अजीबोगरीब परिस्थितियों में मानव का अपने-आप आगे आ जाना, ऐसे कई दृश्य हैं जो फिल्म देखने के लिए मजबूर कर देंगे। कुल मिलाकर ट्रेलर जबरदस्त लगता है।

### इन कलाकारों ने भी दिखाई कलाबाजी

'धमाल 4' का निर्माण टी-सीरीज फिल्म्स, मारुति इंटरनेशनल और पैनोरमा स्टूडियोज के बैनर तले किया गया है। यह हर उम्र के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने का वादा करती है। रवि भी फ्रैंचाइजी का हिस्सा बन गए हैं और अपने किरदार 'कैप्टन माइकल' के रूप में शानदार लगे हैं। उनके अलावा संजीदा शेख, अंजिल आनंद और उपेंद्र लिमये भी इसका हिस्सा हैं।

## गोविंद ने कहा- वो उनकी कल्पना से परे था और उनका भरोसा तोड़ा गया

# गोविंद नामदेव ने छोड़ी 'काला हिरण', बोले- मैं सलमान के खिलाफ कभी नहीं जा सकता





*मुंबई। सलमान खान के विवाद पर बनी फिल्म 'काला हिरण' को लेकर विवाद जारी है। अब फिल्म के अभिनेता गोविंद नामदेव ने निर्माताओं पर 'धोखा देने' का गंभीर आरोप लगाकर इस विवाद को नया मोड़ दे दिया है। एक हालिया बातचीत में अभिनेता ने दावा किया कि निर्माताओं ने उन्हें पूरी सच्चाई बताए बिना अंधेरे में रखकर शूटिंग कराई और ट्रेलर देखने के बाद उन्हें अहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है।*

### जैसे ही टीजर देखा, मैं हिल गया...

गोविंद ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि निर्माताओं ने उनके साथ धोखाधड़ी की। जब फिल्म का टीजर आया, तब जाकर उन्हें अहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है और उनका इस्तेमाल किया गया है। वो बोले, "जैसे ही मैंने टीजर देखा, मैं हिल गया। तुरंत समझ आ गया कि मुझे जिस काम के लिए शूट कराया गया था, मामला उससे बिल्कुल अलग है। मुझे जो बताया गया और जो बनाया गया, उसमें जमीन-आसमान का फर्क है।

### सच पता होता तो पहले ही मना कर देता : गोविंद

गोविंद ने कहा कि वो और सलमान खान एक ही फिल्म इंडस्ट्री से हैं और सलमान उनके अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने साफ किया कि वह कभी भी उनके खिलाफ जाकर कोई काम नहीं कर सकते। गोविंद ने अफसोस जताते हुए कहा कि अगर उन्हें पहले से पता होता कि फिल्म को इस तरह सलमान के खिलाफ या विवादित रूप में पेश किया जाएगा, तो वह इसे तुरंत मना कर देते और कभी इस फिल्म को साइन ही नहीं करते।

### मैं बिश्नोई गैंग जैसी अपराधी सोच को आदर्श नहीं मान सकता

गोविंद बोले, मुझसे कहा गया कि आप ये कर दीजिए, दोबारा अदालत का सेट लगाने में बहुत पैसा खर्च होगा। मैंने भरोसा करके काम कर दिया। लगा मदद हो जाएगी, लेकिन अब टीजर देख लग रहा है कि उसी भरोसे का गलत फायदा उठाया गया। महसूस हो रहा है कि मेरे भरोसे के साथ खेल हुआ है। मेरे साथ गलत हुआ है। मैं किसी अपराधी सोच के साथ खड़ा नहीं हो सकता। ना ही बिश्नोई गैंग को आदर्श मान सकता।

### फिल्म के नाम पर मेरा भरोसा तोड़ा गया

गोविंद ने कहा कि उनकी कुछ शूटिंग बाकी थी, जिसमें गांव के दृश्य और हिरण से जुड़ी भावनात्मक कहानी दिखानी थी, लेकिन उनके साथ धोखा हुआ है। इसी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला कर लिया है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में उन्होंने निर्माताओं से बात नहीं की थी, लेकिन अब वो उनसे सीधे जवाब मांगेंगे। उनके अनुसार, जिस तरह उन्हें स्थिति में डाला गया, वो उनकी कल्पना से परे था और उनका भरोसा तोड़ा गया है।

### पहले सुनाई भगवान कल्कि की कहानी, फिर बना दी 'काला हिरण'

*गोविंद ने बताया कि निर्माताओं ने पहले उन्हें 'संभल' नाम की फिल्म बताकर शूटिंग पर बुलाया, जिसकी कहानी भगवान कल्कि और धार्मिक इतिहास पर आधारित थी। बाद में पासा पलटते हुए कहा कि वे 'काला हिरण' नाम की फिल्म भी बना रहे हैं, जिसमें केवल सलमान के कोर्ट केस की असली कानूनी कार्रवाई दिखाई जाएगी। कोर्ट रिकॉर्ड में दर्ज बातों को सच मानकर गोविंद ने फिल्म के लिए हां कह दी, लेकिन बाद में कहानी पूरी तरह बदल दी गई।*

## खबर संक्षेप



### धार्मिक यात्रा पर रवाना हुई कीर्तन मंडली

**पुसौर।** जय जगन्नाथ के जयकारों और ढोल मंजीरे की गूंज के साथ पुसौर की जगन्नाथ कीर्तन मंडली शुक्रवार को पुरी की धार्मिक यात्रा पर रवाना हो गई। उद्देश्य एक ही है प्रसिद्ध देवस्थलों में सुमधुर हरिनाम संकीर्तन कर भक्ति की अलख जगाना और भगवान का दर्शन पूजन करना। शुक्रवार सुबह से ही बाजार चौक में माहौल भक्तिमय था। कीर्तन मंडली के सभी सदस्य पारंपरिक वेशभूषा, मृदंग, करताल, हारमोनियम और अन्य वाद्य यंत्रों के साथ एकत्र हुए। नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी ने प्रत्येक सदस्य से भेंट कर शुभेच्छा जताई और सुखद यात्रा की मंगलकामना की। इसके बाद उन्होंने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। उपस्थित लोगों ने हरे कृष्ण, हरे राम की धुन पर झूमकर मंडली का उत्साह बढ़ाया। मंडली के सदस्यों का कहना है कि देवस्थलों में कीर्तन सेवा करना और दर्शन करना ही उनका मुख्य संकल्प है।

### तपरदा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव



**पुसौर।** ग्राम पंचायत तपरदा में सरपंच दिनेश जांगड़े के खिलाफ सभी 17 पंचों ने एकजुट होकर अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया है। पंचों ने एसडीएम रायगढ़ के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अविश्वास की मांग की है। एसडीएम कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार सरपंच सहित कुल 18 जनप्रतिनिधियों को नोटिस तामील कराया गया है। यह सूचना ग्राम पंचायत सचिव ओंकार सिदार द्वारा संबंधितों तक पहुंचाई गई है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 22 जुलाई को पंचायत भवन तपरदा में विहित अधिकारियों की उपस्थिति में अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान होगा। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ समय से पंचों द्वारा सरपंच की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे थे। इस दौरान पंचों और सरपंच के बीच मतभेद की स्थिति बनी। बताया जा रहा है कि विवाद को लेकर थाने में भी शिकायत दर्ज हुई थी। इन्हीं घटनाक्रमों के बीच अब मामला अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंच गया। नियमानुसार 22 जुलाई को पंचायत भवन में सभी पंचों की उपस्थिति में विहित अधिकारी की देखरेख में अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बहुमत के आधार पर फैसला होगा। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि अविश्वास प्रस्ताव सरपंच के पक्ष में जाता है या विपक्ष में।

### शादी का झांसा देकर युवती का दैहिक शोषण, गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती का दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ क्षेत्र की 22 वर्षीय युवती ने थाना पूंजीपथरा में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पहचान वर्ष 2025 में इंस्टाग्राम के माध्यम से सागर सारथी से हुई थी। आरोपी ने स्वयं को अविवाहित बताते हुए युवती से प्रेम संबंध स्थापित किया और विवाह का आश्वासन दिया। शिकायत के मुताबिक आरोपी ने जुलाई 2025 में युवती को तराईमाल बुलाकर अपने क्वार्टर में रखा और पत्नी बनाकर रखने तथा शादी करने का भरोसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी लगातार विवाह का आश्वासन देकर उसका शोषण करता रहा। बाद में जब युवती ने साथ रखने की बात कही तो आरोपी ने पहले से विवाहित होने की जानकारी दी और संबंध स्वीकारने से इंकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर धारा 69 एवं 351(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता का बयान दर्ज कराया गया तथा चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया।

---

यादव मोहल्ले में अधूरी नाली बनी चिंता का कारण

# मानसून से पहले नहीं हुई नालियों की साफ-सफाई, जलभराव की बढ़ी आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

नगर पंचायत चंद्रपुर में बारिश से पूर्व नालियों की सफाई नहीं होने से नगरवासियों की चिंता बढ़ गई है। नगर के कई वार्डों और प्रमुख स्थानों पर हर वर्ष जलभराव की समस्या देखने को मिलती है, वहीं इस बार समय रहते सफाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

ज्ञात रहे कि नगर के यादव मोहल्ले में अधूरी नाली निर्माण के कारण इस वर्ष जलभराव की समस्या और गंभीर होने की आशंका है। मानसून शुरू होने के बावजूद नाली निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बारिश में मोहल्ले में पानी भर जाता है वही नाली जाम होने से बरसात का पानी घरों में घुसता है, जिससे आवागमन और जनजीवन प्रभावित




> नगर पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधि की उदासीनता के कारण मानसून पूर्व आवश्यक तैयारियां नहीं की गईं। यदि जल्द ही नालियों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो नगरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या पर संबंधित अधिकारी तुरंत संज्ञान ले।
>
> **देवेश ठेठवार नगरवासी**

> इस गंभीर समस्या पर तत्काल जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारीगण नालियों की सफाई कराए, अधूरे नाली निर्माण कार्य को पूरा किया जाए तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि बारिश के दौरान आम लोगों को राहत मिल सके।
>
> **राजू निषाद नगरवासी**

होता है। प्रशासन की लापरवाही पर मोहल्लेवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नगर के कई सार्वजनिक जगह चौक चौराहों में जैसे भारत माता चौक, चंद्रहासिनी मंदिर तिराहा, बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर के सामने सहित नगर के कई हिस्सों में जलभराव की समस्या हर वर्ष सामने आती है। क्षेत्रवासियों ने नालियों की नियमित सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने की मांग की है। यदि समय रहते नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो पहली ही तेज बारिश चंद्रपुर की तैयारियों की पोल खोल सकती है। अब देखना यह होगा कि नगर पंचायत चंद्रपुर के अधिकारी और कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मानसून से पहले जागते है या फिर हर साल की तरह नागरिकों को जलभराव, गंदगी और परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

---

# जमीन बचाने की जिद, किसान ने खाया जहर, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के पुसौर विकासखंड अंतर्गत ग्राम लिंजीर में केलो सिंचाई परियोजना के तहत प्रस्तावित नहर निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। अपनी कृषि भूमि से नहर निकाले जाने का विरोध कर रहे एक किसान ने प्रशासनिक कार्रवाई के बीच कथित रूप से जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया। गंभीर अवस्था में उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां आईसीयू में उनका इलाज जारी है। अभी भी उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर अधिकारी इस संबंध में कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, लिंजीर निवासी किसान रविशंकर गुप्ता लंबे समय से अपनी खेती योग्य जमीन के बीच से प्रस्तावित नहर निर्माण का विरोध कर रहे थे। गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूदगी में निर्माण कार्य शुरू कराने की कार्रवाई की गई। इसी दौरान किसान और प्रशासन के बीच विवाद की स्थिति बन गई। परिजनों का कहना है कि किसान लगातार यह मांग कर रहे थे कि नहर का मार्ग उनकी उपजाऊ जमीन से न निकालकर आसपास उपलब्ध सरकारी भूमि से तय किया जाए। उनका आरोप है कि केलो परियोजना के लिए पूर्व में भी उनकी कई एकड़ भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है।

**गांव में बढ़ा आक्रोश**

घटना के बाद से लिंजीर गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि किसानों की आपत्तियों और समस्याओं का समाधान किए बिना निर्माण कार्य आगे बढ़ाने से असंतोष बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले में संवेदनशीलता बरतने और प्रभावित किसानों से चर्चा कर समाधान निकालने की मांग की है।

---

# वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन में दक्ष होंगे पुलिसकर्मी कंट्रोल रूम में विशेष प्रशिक्षण का आयोजन

- एनएएफआईएस और एम सी यू संचालन की दी गई जानकारी

**रायगढ़।** अपराधों की जांच को अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में रायगढ़ पुलिस लगातार तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर जोर दे रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में प्रशिक्षु उप निरीक्षकों और जिले के विभिन्न थानों से चयनित पुलिसकर्मियों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के निर्देश और पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान तकनीकों और साक्ष्य संकलन की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को घटनास्थल निरीक्षण, फिंगरप्रिंट संग्रहण, साक्ष्यों के संरक्षण, मिनी फिंगरप्रिंट डेवलपिंग किट के उपयोग तथा राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली यानी एनएएफआईएस में डाटा एंट्री की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही एमसीयू के माध्यम से आरोपियों के आईरिस और फोटोग्राफ संग्रहण की प्रक्रिया का भी व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर बिलासपुर रेंज की संभागीय अंगुल चिन्ह विशेषज्ञ एवं उप पुलिस अधीक्षक विद्या जौहर अपनी टीम के साथ रायगढ़ पहुंचीं। उन्होंने फिंगरप्रिंट डेवलपिंग किट का प्रदर्शन कर प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक जानकारी दी तथा वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन किया।प्रशिक्षण में गिरफ्तार आरोपियों के सर्च स्लिप तैयार करने, तकनीकी मानकों के अनुरूप फिंगरप्रिंट लेने और एनएएफआईएस डेटाबेस में त्रुटिरहित जानकारी दर्ज करने के तरीकों पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिला अपराध अभिलेख शाखा के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक संदीप गायकवाड़, नेफिस यूजर प्रभात प्रधान तथा फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट सुबोध सागर और दिलीप लकड़ा की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि आधुनिक अपराधों की प्रभावी जांच के लिए पुलिसकर्मियों का तकनीकी रूप से दक्ष होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण विवेचना के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया।

---

# महाजेनको और अदाणी फाउंडेशन के सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महाराष्ट्र स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) ने अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से मुड़ागांव और चितवाही जैसे ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के कौशल विकास के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है।

**खास बात**

- 65 महिलाओं और किशोरियों को मिलेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण और रोजगार
- प्रशिक्षार्थियों के बीच एप्रन और सिलाई किट का भी वितरण




फ़िलिहाल इस केंद्र में आसपास के क्षेत्रों की 65 महिलाएं और युवतियां सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के दिन इन्हें सिलाई से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ प्रशिक्षण किट भी प्रदान किया गया, जिससे ये भविष्य में स्वरोजगार शुरू कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दीप्ति गेसमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेश एम. पड़ोल ने की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इससे वे अपने कौशल को विकसित कर बेहतर आजीविका के अवसर प्राप्त कर सकेंगी। विशिष्ट अतिथियों में डीबी खोबरागढ़े और चंद्रकांत एम. बाले सहित महाजेनको टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें मुड़ागाव से जहाज राम भगत, महेशराम सिन्हा, भारत सिन्हा, गुलाबी यादव, धमेंद्र महंत तथा चितवाही से गंगाराम पोरते (सरपंच), लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा, नवीन शर्मा, घनश्याम साहू शामिल रहे। इसके अलावा अदाणी की ओर से क्लस्टर प्रमुख, सीएसआर प्रमुख, भू विभाग प्रमुख एवं सीएसआर टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययनरत सभी प्रशिक्षार्थियों को एप्रन एवं सिलाई किट का वितरण किया गया। यह पहल महिलाओं और किशोरियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इससे न केवल उनकी आजीविका के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी मजबूत होगा और वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगी।

---

# संकुल केन्द्र चांदमारी में आगामी सत्र संचालन हेतु बैठक

**रायगढ़।** विभागीय निर्देश अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी में संकुल प्राचार्य भरत लाल नामदेव की अध्यक्षता में संकुल शैक्षिक समन्वयक द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र के सुचारू रूप से संचालन, शाला प्रवेश उत्सव हेतु आवश्यक तैयारी के संबंध में आवश्यक बैठक ली गई। इस बैठक संकुल अंतर्गत सभी शासकीय शालाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



संकुल प्राचार्य एवं शैक्षिक समन्वयक के निर्देश अनुसार पूरे उत्साह से भारत माता के जयघोष के साथ डॉ.मनीषा त्रिपाठी प्रधान पाठक शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ ने बैठक में विद्यालय भवन, परिसर, शौचालय, रसोईघर की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, यूडाइस प्रोग्रेसन कार्य, शालेय रंगरोगन, स्कूल रेडीनेस, प्रवेश हेतु सर्वे कार्य, उल्लास नवभारत साक्षरता, शाला की वार्षिक कार्य योजना, कर्मयोगी आनलाइन प्रशिक्षण, निः शुल्क पाठ्य.पुस्तक एवं गणवेश वितरण, छात्रवृत्ति, आय-जाति, निवास प्रमाण पत्र, शाला में शत प्रतिशत निमांकन, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, अपार आईडी, प्रतियोगी परीक्षा एवं कैरियर मार्गदर्शन, शालाओं को प्राप्त संसाधनों का उचित उपयोग, सामुदायिक सहभागिता, एसएमसी एवं पीपीएम आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। संकुल प्राचार्य और शैक्षिक समन्वयक ने शाला में बेहतर सामंजस्य स्थापित कर शाला में शैक्षिक गुणवत्ता बनाए रखने एवं विद्यार्थियों के उत्तरोत्तर प्रगति हेतु कार्य करने हेतु प्रेरित किया। शिक्षकों से शाला की समस्याओं हेतु आवश्यक सुझाव भी लिए गए। सभी को नए शैक्षणिक सत्र में बेहतर सौचालन हेतु अग्रिम शुभकामनाओं के साथ सभा समाप्ति की घोषणा की गई।

---

एकताल रोड बना था स्टंट पॉइंट, पुलिस ने बढ़ाई निगरानी और पेट्रोलिंग

# व्यूज और लाइक्स के लिए बाइक स्टंट, 5 युवकों पर चालानी कार्रवाई

**रायगढ़।** मेडिकल कॉलेज के पीछे एकताल रोड पर बाइक स्टंट कर सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने वाले युवकों के खिलाफ रायगढ़ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और पांच युवकों को पकड़कर उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार, मेडिकल कॉलेज के पीछे पाइपलाइन कार्य के लिए समतल की गई भूमि पर कुछ युवक तेज रफ्तार बाइक चलाकर खतरनाक स्टंट कर रहे थे। इन स्टंट के वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे थे, जिससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में अन्य युवक भी वहां पहुंचने लगे थे। पुलिस के मुताबिक इस गतिविधि से किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। मामले की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह और थाना प्रभारी चक्रधरनगर राकेश मिश्रा को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई, अवरोधक लगाए और नियमित पेट्रोलिंग शुरू की। पुलिस की सख्ती के बावजूद दोबारा पांच युवक स्टंट करने पहुंचे, जिन्हें पकड़कर एसएसपी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस दौरान एसएसपी ने युवकों को समझाइश देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता या अधिक व्यूज पाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालना समझदारी नहीं है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने की अपील की।

---

# स्कूलों में अब प्रतिदिन राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, सरस्वती वंदना और महापुरुषों की जीवनी का होगा वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 से प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराने के उद्देश्य से विभिन्न दैनिक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में 12 जून 2026 को स्कूल शिक्षा विभाग जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश जारी किया गया है।

विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, स्कूलों में अब प्रतिदिन तीन अलग-अलग समय पर निर्धारित क्रम में गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रातःकालीन सत्र स्कूल प्रारंभ होने पर सुबह की प्रार्थना सभा में एक तय क्रम के अनुसार ये प्रस्तुतियां अनिवार्य होंगी। जिला शिक्षा अधिकारी को जारी निर्देश के अनुसार अब विद्यालयों में प्रतिदिन निर्धारित क्रम में सांस्कृतिक और प्रेरणादायी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जानकारी के अनुसार स्कूल लगने के समय आयोजित होने वाली प्रार्थना सभा में क्रमशः राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, दीप मंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, महापुरुषों की जीवनी का वाचन किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने के लिए मध्यान्ह भोजन के दौरान भोजन मंत्र का पाठ कराया जाएगा। इसके अलावा विद्यालयों की छुट्टी के समय विद्यार्थियों द्वारा राज्यगीत, गायत्री मंत्र, शांति मंत्र का सामूहिक पाठ किया जाएगा।




**लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

शासन ने स्पष्ट किया है कि सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रतिदिन स्कूलों का औचक निरीक्षण करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि इन नियमों का कड़ाई से पालन हो रहा है या नहीं। निर्धारित क्रम में अवहेलना पाए जाने पर संबंधित स्कूल प्रबंधन या प्राचार्यों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई भी की जा सकती है।

**सभी स्कूलों में प्रतिदिन पालन के निर्देश**

स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के सभी विद्यालयों में इन गतिविधियों का प्रतिदिन निर्धारित क्रम में संचालन सुनिश्चित किया जाए। विभाग का मानना है कि इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, सांस्कृतिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित होगी।

**यह है मुख्य उद्देश्य**

स्कूल शिक्षा विभाग का मानना है कि इन गतिविधियों के नियमित और प्रभावी संचालन से छात्रों में न केवल राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की भावना मजबूत होगी, बल्कि उनके भीतर नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना का भी सही विकास होगा। यह पहल विद्यार्थियों को भारतीय परंपराओं और राष्ट्रीय मूल्यों से परिचित कराने में मील का पत्थर साबित होगी।

---

साइक्लिंग से जुड़े सैकड़ों खिलाड़ी वंचित रह गए

# अस्मिता साईक्लिंग लीग बनी खानापूर्ति, गिनती के दिखे प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

विश्व साइकिल दिवस पर पुसौर के रेशम उद्यान के सामने से ग्राम तडोला पहुंच मार्ग पर आयोजित अस्मिता साइक्लिंग लीग प्रचार के अभाव में केवल खानापूर्ति बनकर रह गई। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी, विकासखंड खेल समन्वयक और स्थानीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए इस आयोजन में गिनती के प्रतिभागी ही दिखे।




विशाल बैनर और मंच तो सजाए पर मैदान खाली पड़ा रहा। कुछ बालिकाओं को प्रमाण पत्र थमाकर कार्यक्रम निपटा दिया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस कार्यक्रम के जिम्मेदारों ने आनन-फानन में आयोजन कर केवल कागजी औपचारिकता पूरी की। कार्यक्रम की सूचना न तो स्कूलों को दी गई, न खेल संघों को। नतीजा, साइक्लिंग से जुड़े सैकड़ों खिलाड़ी इससे वंचित रह गए। सूत्रों का कहना है कि जिम्मेदार ऐसे आयोजनों के आंकड़े शासन प्रमुखों के सामने प्रस्तुत कर अपनी पीठ थपथपवा लेते हैं, जबकि धरातल पर खेल से ही है पहचान का नारा दम तोड़ देता है। बिना भीड़, बिना प्रचार और बिना जोश के हुए इस आयोजन से खेलो इंडिया का उद्देश्य विफल होता नजर आया।

---

### घुमन्तु बच्चों के पुनर्वास के लिए विभाग ने चलाया विशेष अभियान

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति के निर्देश एवं कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू मार्गदर्शन में 1 जून से 30 जून तक सड़क जैसे परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे घुमन्तु बच्चों के स्थायी पुनर्वास हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कोसीर, लेंधरा एवं बरमकेला क्षेत्र में संयुक्त बचाव दल रेस्क्यू टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृत्ति में लिप्त तथा सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें संरक्षण एवं पुनर्वास से जोड़ने की कार्रवाई की गई। रेस्क्यू टीम ने बस स्टैंड, मंदिर, बाजार, स्लम बस्तियों सहित विभिन्न चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त